दिल्ली राज्य कैंसर चिकित्सा संस्थान में रजिस्टर्ड मरीजों एवं उनके सहायकों हेतु आवश्यक सूचना

1. वर्तमान में केवल ओपीडी सेवाएं अगले आदेश तक केवल पहले से पंजीकृत रोगियों के लिए शुरू की जा रही हैं।
2. नए रोगी का पंजीकरण (New Case Registration), दाखिला, आपातकालीन सेवाएं, रेडियोथैरेपी सेवाओं को जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जाएगा। जिसकी जानकारी डीएससीआई की वेबसाइट www.dsci.nic.in/home.html पर प्रकाशित कर दी जाएगी।
3. इमरजेंसी सेवाएं/भर्ती सेवाएं नहीं होंगी।
4. डीएससीआई परिसर में केवल एक रोगी के साथ अधिकतम एक परिचर (रिश्तेदार) को ही प्रवेश दिया जाएगा।
5. अस्पताल परिसर में पार्किंग की अनुमति नहीं होगी।
6. प्राइवेट ओपीडी की सुविधाएं नहीं होंगी। सभी प्राइवेट रोगी को सामान्य ओपीडी में ही देखा जाएगा।
7. हर मरीज/रिश्तेदार परिसर में और अस्पताल आने–जाने के दौरान रास्ते में चेहरे पर मास्क पहनेंगे। उन्हें पानी, साबुन और हैंड सेनिटाइजर का इस्तेमाल समय समय पर प्रयोग करके अपने हाथों को साथ रखना होगा।
8. सामाजिक दूरी यानि दो व्यक्तियों के बीच कम से कम एक मीटर की दूरी को डीएससीआई परिसर में, यात्रा के दौरान सभी स्थानों पर मरीज़ एवं उसके रिश्तेदार द्वारा सख्ती से पालन करना होगा।
9. किसी भी मरीज़/रिश्तेदार को निम्नलिखित स्थितियों में अस्पताल में आने से पहले कोविड–19 (COVID-19) पर सलाह लेने के लिए किसी भी सामान्य अस्पताल में जाने की सलाह दी जाती है :–

   - आप/परिवार का कोई सदस्य/रिश्तेदार विदेश से लौटें हों
   - बुखार/खांसी से पीड़ित हों।
   - सांस लेने में तकलीफ हो।
   - किसी की कोविड 19 संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आए हों।
   - कोविड 19 के संदर्भ में अधिसूचित कंटेनमेंट ज़ोन/हॉटस्पॉट के निवासी हों

10. डीएसएसीआई के 'फ्लू स्क्रीनिंग सेंटर' में सभी रोगियों की स्क्रीनिंग की जाएगी।
11. डीएससीआई किसी भी रोगी के अपॉइंटमेंट को कभी की रद्द करने का अधिकार रखता है।

12. पहले अपॉइंटमेंट ईमेल के माध्यम से दी जा रही थी, लेकिन लोगों की प्रतिक्रिया के मद्देनज़र अपॉइंटमेंट फोन पर लेने की सुविधा शुरू की जा रही है ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अपॉइंटमेंट **+91 8800190659** पर प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक फोन करके या एसएमएस द्वारा निम्नलिखित विवरण के साथ ले सकते हैं :

- ✓ रोगी का नाम
- ✓ रोगी का पंजीकरण संख्या
- ✓ किस ओपीडी के दिखाना चाहते हैं (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी/जनरल ऑन्को सर्जरी/गायने ऑन्को सर्जरी विशेषज्ञ/ईएनटी/गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी/ पल्मोलॉजी/ मेडीसिन)

कृपया याद रखें कि अपॉइंटमेंट केवल फोन पर मरीज की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने पर ही दिया जाएगा। किसी अन्य ईमेल पर अपॉइंटमेंट के लिए आवेदन न करें।

13. ओपीडी परामर्श के दिन निम्न प्रकार से होंगे :

1.	क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी	प्रतिदिन
2.	गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी	सोमवार व वीरवार
3.	गायने ऑन्कोलॉजी	सोमवार, बुधवार व शुक्रवार
4.	सर्जिकल ऑन्कोलॉजी	मंगलवार, बृहस्पतिवार व शनिवार
5.	पल्मोलॉजी	बुधवार व शनिवार
6.	मेडिसिन	सोमवार, बुधवार व शुक्रवार
7.	ई.एन.टी. (हैड एंड नैक)	मंगलवार व शुक्रवार

कृप्या ध्यान दें

उपरोक्त व्यवस्था वैश्विक महामारी कोविड–19 को फैलने से रोकने के लिए की गई है। ऊपर लिखी बातों का पालन करने से हम सभी स्वयं व दूसरों को इस महामारी के संक्रमण में आने से रोकने में सहयोग कर सकते हैं।

दिल्ली राज्य कैन्सर चिकित्सा संस्थान आप सभी से उपरोक्त व्यवस्था में सहयोग की अपेक्षा करता है तथा इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है।

धन्यवाद

निर्देशानुसार

निदेशक, *दि.रा.कैं.चि.सं.*

**** पहले दिए गए निर्देशों को किन्हीं कारणों से हटा लिया गया है। कृप्या ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन करें।**